# सीतानदी टाइगर रिज़र्व

## चर्चा में क्यों?

9 अगस्त, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गरियाबंद ज़िले के सीतानदी उदंती टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्रों में बसे पाँच गाँवों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार सौंपा।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने वर्चुअल कार्यक्रम में गरियाबंद ज़िले के इन पाँच गाँवों के वन अधिकार समितियों को सामुदायिक वन संसाधन का अधिकार सौंपा है।
- अब इन पाँच गाँवों को 5553.26 हेक्टेयर (लगभग 14,000 एकड़) के जंगल पर प्रबंधन का अधिकार मिल गया है।
- सीतानदी उदंती टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्रों में बसे इन गाँवों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार मान्य करने के बाद छत्तीसगढ़ उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहाँ यह अधिकार टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में भी दिया गया है।
- राज्य में यह पहला मौका है, जब टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दिया गया है। पिछले साल सीतानदी के बफर क्षेत्र में ग्राम करका को यह अधिकार दिया गया था।
- सीतानदी उदंती टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्रों में बसे जिन पाँच गाँवों को यह अधिकार दिये गए हैं, इनमें ग्राम मासुलखोई (975.58 हेक्टेयर), ग्राम करही (984.92 हेक्टेयर), ग्राम जोरातराई (551.42 हेक्टेयर), ग्राम बरोली (1389.61 हेक्टेयर) और ग्राम बहिगाँव (1651.72 हेक्टेयर) शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sitanadi-tiger-reserve